# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, एक सप्ताह में विधवा महिला को दिलाया योजनाओं का लाभ

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग समेत विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं अन्य मामलों में जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायतों की जानकारी दी और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के दौरान विधवा महिला सुशीला देवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमचंद ने अपनी आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनकी विधवा पेंशन बंद है तथा राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी नहीं बने हैं। इस संबंध में उन्होंने 13 जून को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से सहायता की मांग की थी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर मात्र एक सप्ताह के भीतर सुशीला देवी की विधवा पेंशन पुनः शुरू करा दी गई। साथ ही उनका राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनवा दिया गया। योजनाओं का लाभ मिलने पर सुशीला देवी ने जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) अवनीश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रुपये दोगुने करने का झांसा देकर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** पुलिस ने रुपये दोगुने करने का लालच देकर 28 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार रामपुर जनपद के सैफनी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवीपुर निवासी अनिल कुमार ने स्योहारा थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मुरादाबाद जनपद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के शरीफ नगर निवासी तफसीर ने उसे रुपये दोगुने करने का झांसा दिया था। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने 19 जून को अनिल कुमार को बुलाया और उसे अधिक लाभ का लालच देकर 28 हजार रुपये अपने कब्जे में ले लिए। बाद में आरोपी ने रुपये वापस नहीं किए, जिससे पीड़ित को अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से ठगी गई 28 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली गई है। पूछताछ में आरोपी से अन्य संभावित मामलों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि रुपये दोगुने करने, कम समय में अधिक मुनाफा दिलाने अथवा किसी भी प्रकार के अवास्तविक लाभ का लालच देने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



## 31 बार अदालत से गैरहाजिर रहने वाला वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**नगीना/बिजनौर (शिखर समाचार)।** न्यायालय के आदेशों की लगातार अवहेलना करना एक आरोपी को भारी पड़ गया। वर्षों से अदालत की सुनवाई से बच रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मोहल्ला मानक चंद निवासी तंज़िलुर्रहमान उर्फ गुड्डे पुत्र रज़ियुर्रहमान उर्फ लड्डन के विरुद्ध वर्ष 2017 से चेक अनादरण का एक मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार अदालत में निर्धारित तिथियों पर अनुपस्थित रहता था और न्यायिक प्रक्रिया से बचने का प्रयास कर रहा था। जानकारी के अनुसार आरोपी ने एक–दो नहीं, बल्कि 31 बार न्यायालय में निर्धारित पेशियों पर उपस्थित न होकर न्यायिक आदेशों की खुली अवहेलना की। बार–बार गैरहाजिर रहने के कारण न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसके विरुद्ध गैर–जमानती वारंट जारी कर दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में स्थानीय पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने तंज़िलुर्रहमान उर्फ गुड्डे को उसके निवास क्षेत्र के निकट से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी के लगातार गैरहाजिर रहने के रिकॉर्ड को देखते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल पहुंचा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से जारी गैर–जमानती वारंटों के अनुपालन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फरार एवं लगातार गैरहाजिर रहने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके और कानून का सम्मान बना रहे।



## चेकिंग में धरे गए दो शातिर वाहन चोर, चोरी की दो बाइकें और चाकू बरामद

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिता चौहान ने बताया कि पुलिस टीम इंडस्ट्रियल एरिया मसूरी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवकों को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर दोनों के पास से अवैध चाकू बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें भी बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के कविनगर निवासी दीपांशु तथा मेरठ के किठौर निवासी वासिल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## NH–9 पर भीषण हादसा: डिवाइडर तोड़ रॉन्ग साइड पहुंची टमाटरों से भरी पिकअप, बुलेट सवार गंभीर घायल



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नेशनल हाईवे–9 पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टमाटरों से लदी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा घुसी और सामने से आ रही बुलेट बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति भी बन गई। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही पिकअप बछलौता फ्लाईओवर के निकट पहुंची ही थी कि चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। पिकअप डिवाइडर पार कर रॉन्ग साइड में पहुंच गई। उसी दौरान दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहे बुलेट सवार दिल्ली निवासी विकास उसकी चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल उपचार के लिए देवनंदनी अस्पताल भिजवाया। साथ ही परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त पिकअप और बुलेट को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य कराया गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नामित नोडल अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली योग परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि योग दिवस के कार्यक्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों,



सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जनपद के अधिक से अधिक नागरिक योग के महत्व को समझें और योग दिवस के आयोजन में सक्रिय भागीदारी करें। साथ ही आयोजन स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद के योग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए सभी विभाग समर्पित भाव से कार्य करें, जिससे जनपद में योग के प्रति जागरूकता बढ़े और कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं सफल रूप से सम्पन्न हो।

# जीडीए का बड़ा एक्शन: कनौजा और मुरादनगर में 32 हजार वर्गमीटर में बसाई जा रही अवैध कॉलोनियां जमींदोज

**आरव शर्मा**

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। प्रवर्तन जोन-02 की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ ग्राम कनौजा और मुरादनगर क्षेत्र में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान निर्माणकताओं ने भारी विरोध भी किया, लेकिन पुलिस के आगे उनकी एक न चली।

**यहां चला प्राधिकरण का बुलडोजर:**

ग्राम कनौजा (खसरा संख्या-146): यहां करीब 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अमित चौधरी, मामचन्द्र त्यागी, ब्रह्मचन्द त्यागी (तीनों के पिता कैलाश) और आदेश (पिता रामधन) द्वारा बिना अनुमति के प्लॉटिंग के लिए डिमार्केशन और मिट्टी भराव का कार्य किया जा रहा था।

चिपयाना क्षेत्र: दीपक चौधरी (पिता नरेन्द्र सिंह), सुचेत त्यागी (पिता स्व. हिरराज त्यागी) और वरुण शर्मा (पिता मोहनलाल शर्मा) द्वारा करीब 13,000 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी डालकर रास्तों का निर्माण किया जा रहा था।

मुरादनगर (खसरा संख्या-16): हिसाली निवासी डवन चौधरी और अतुल त्यागी द्वारा लगभग 13,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सड़क और नाली का निर्माण करने के साथ ही प्लॉटों की बाउंड्री बनाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।



जीडीए अधिकारियों ने बताया कि स्थल निरीक्षण के दौरान इनमें से किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई स्वीकृत नक्शा (मानचित्र) या वैध भू-अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद प्राधिकरण ने कड़ा कदम उठाते हुए इन सभी स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

**विरोध के बावजूद नहीं रुका अभियान**

ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान कुछ स्थानीय निर्माणकताओं ने हंगामा कर कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस बल ने स्थिति को तुरंत नियंत्रण में ले लिया। पुलिस की सख्ती के चलते अभियान बिना किसी रुकावट के पूरा हुआ। इस बड़ी कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन जोन-02 का समस्त स्टाफ और पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ग्राम कुलेसरा की जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** वीर विराट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ग्राम कुलेसरा की जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में ग्राम कुलेसरा की टूटी–फूटी सड़कों, जर्जर नालियों, जलभराव तथा बढ़ती महामारी की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने मांग की कि ग्राम में नालियों एवं सड़कों का शीघ्र निर्माण एवं विकास कार्य कराया जाए, जिससे बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से ग्रामीणों को राहत मिल सके।इस अवसर पर संगठन के सम्मानित पदाधिकारी सुमित , चमन सर्वेश कुमार, मोनू कुमार डायरेक्टर असिस्टेंट सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि बरसात के समय ग्राम के अनेक क्षेत्रों में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अभिषेक ने कहा कि ग्राम कुलेसरा के विकास एवं जनहित के मुद्दों पर संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक विकास कार्य प्रारंभ किए जाएं।वीर विराट एसोसिएशन ने कहा कि यदि ग्राम कुलेसरा की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन ग्रामीणों के हित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## कूलर में करंट उतरने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** भोजपुर थाना क्षेत्र के नगला बेर गांव में कूलर में करंट उतरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार नगला बेर गांव निवासी 39 वर्षीय ललित कुमार अपने परिवार के साथ गांव में रहते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार रात वह घर में लगे कूलर की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कूलर में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद परिजन आनन–फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। ललित की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# करोड़ों की डकैती का इनामी गैंगस्टर एनकाउंटर में ढेर, कारोबारी को धमकी देने के चार घंटे बाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** हापुड़ के चर्चित कारोबारी नरेंद्र अग्रवाल के घर हुई करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर श्याम को हापुड़ पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ में मार गिराया। इस दौरान बदमाश की गोली लगने से हेड कांस्टेबल मनोज कुमार घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है।





जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस बुलंदशहर रोड पर देर रात वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद थाना हापुड़ देहात पुलिस ने गोदी गांव के पास घेराबंदी कर दी। खुद को चारों ओर से घिरा देख बदमाश श्याम ट्यूबवेल की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, कारतूस और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार मारा गया बदमाश रामपुर जिले के सूरजपुर गांव का रहने वाला श्याम (28) था, जिस पर डकैती, लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज थे। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गौरतलब है कि एक जून की तड़के गिरधारी नगर निवासी प्रमुख कारोबारी नरेंद्र अग्रवाल के घर हथियारबंद बदमाशों ने सनसनीखेज डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। कारोबारी के 17 वर्षीय पोते सिद्धांत के घर पहुंचते ही घात लगाए बैठे 4-5 बदमाश उसके साथ घर में घुस गए थे। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों और चौकीदार को गन पॉइंट पर लेकर हाथ-पैर बांध दिए और करीब एक घंटे तक घर खंगालने के बाद सवा किलो सोने के आभूषण, चांदी तथा लाखों रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 7 जून को सुल्तानपुर रोड पर हुई मुठभेड़ के बाद गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में यूपी पुलिस का निलंबित सिपाही विक्की गौतम भी शामिल था, जिसे पूरी वारदात का मास्टरमाइंड बताया गया था।

**धमकी देने के चार घंटे बाद मारा गया बदमाश**

पीड़ित कारोबारी नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार शाम 7:58 बजे से लेकर करीब आधे घंटे तक उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से 15 बार कॉल आई थी। व्यस्त होने के कारण वह कॉल रिसीव नहीं कर सके। बाद में जब उन्होंने वापस कॉल की तो कॉलर आईडी पर श्याम प्रताप का नाम प्रदर्शित हुआ। कारोबारी के अनुसार फोन पर आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसकी शिकायत उन्होंने तत्काल पुलिस अधीक्षक को दी थी। आश्चर्यजनक रूप से शिकायत के महज चार घंटे बाद ही पुलिस मुठभेड़ में वही बदमाश मारा गया।

# राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया, सामाजिक न्याय के संघर्ष को मजबूत करने का लिया संकल्प

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर की अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने की। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक एकत्र होकर राहुल गांधी के स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए संघर्ष को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश में सामाजिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। उनके विचारों और



संघर्षों से प्रेरणा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग, अधिवक्ता विक्रम सिंह, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद सलीम, हुकुम सिंह, हाजी नसीम, शेख मोहम्मद अंजार, जफर हसनैन, साजिदा बेगम, अनिल त्यागी, हरिराज सिंह, मलखान सिंह, मोहम्मद हनीफ, शादीलाल मारवाड़ी, नदीम जमील, रकीब आलम, जमशेद आलम, खालिद, मोहम्मद यूसुफ अंसारी, मुर्शीद अली, शोएब आलम, मोहम्मद आमिर, एन.डी. मंसोरी, इकबाल ठेकेदार, इमरान, अब्दुल समद आजाद, अजीम, मुन्ने सिंह, मुंशी संसार, रईस अहमद, अस्मित भारद्वाज, वेद प्रकाश, गजेंद्र सिंह, राजबीर सैनी, फारूक पठान और आदेश कुमार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राहुल गांधी के उज्ज्वल भविष्य एवं देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती की कामना के साथ किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प भी दोहराया।

# पशुपालन विभाग के निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करने के जिलाधिकारी कविता मीना ने दिए निर्देश

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में निमार्णाधीन पशु चिकित्सालयों, वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों, गौशालाओं, कृत्रिम गभार्धान केंद्रों तथा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा केंद्रों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इसके लिए जिम्मेदार संस्था के विरुद्ध शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। साथ ही लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराकर उन्हें तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि निमार्णाधीन वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों में चारा, पेयजल, शेड, भूसा गोदाम और चारदीवारी जैसी मूलभूत सुविधाओं का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने प्रत्येक केंद्र में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए, जिससे गोवंश संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा



उत्पादन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और किसानों की आय बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि किसानों को समय पर बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण कराए जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा निर्धारित समय में परियोजनाओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुहर्रम जुलूस वाले रास्ते पर कस दें लटके बिजली तार

**गोरखपुर , एजेंसी।** डीएम दीपक मीणा ने पुलिस लाइन में मुहर्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस वाले रास्तों का निरीक्षण कर बिजली के लटके तारों को कस दें और जहां जर्जर तार है उसे बदल दें। डीएम ने कहा कि मुहर्रम परंपरागत रूट से ही निकाले जाएं और किसी प्रकार शस्त्र प्रदर्शन न करें। शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न करें तो जिम्मेदार व्यक्ति पुलिस को तत्काल सूचना दें ताकि त्वरित कार्रवाई करके किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को तत्काल रोका जा सके। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जुलूस वाले रूटों पर चूना छिड़काव, नालों की साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण का प्रबंध कराएं। छुट्टा पशु सड़कों पर इधर-उधर न घूमते मिलें और लाइट आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने सभी मुतवल्लियों से अपील करते हुए कहा कि ताजिया की ऊंचाई मानक के अनुसार और जुलूसों में प्रयोग किए जाने वाले डीजे में दो साउंड सिस्टम से अधिक प्रयोग न करें। उसकी आवाज मानक के नियमानुसार ही रखे। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में शांति एवं सद्भावना समिति के सदस्य डॉ. सुधाकर पांडेय, आदिल अमीन, मुर्तुजा हुसैन रहमानी आदि मौजूद रहे ।

### अब नौवीं-दसवीं में तीन भाषाएं पढ़ना होगा अनिवार्य, तीसरी भाषा पर सस्पेंस; एक जुलाई से खुल रहे स्कूल

**आगरा, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा ढांचा (एनसीएफ-एसई-2023) के तहत 9वीं में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य कर दिया है, जिनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय मूल की होनी चाहिए। 1 जुलाई से विद्यालय खुलने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक यह तय नहीं हुआ कि कक्षा 9 में तीसरी भाषा के रूप में कौन सी भाषा और किताबों से पढ़ाई कराई जानी है। निजी सीबीएसई स्कूल की निदेशक दीपिका त्यागी बताती हैं कि तीन-भाषा फार्मूले को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल सीबीएसई के सुझाव पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा के तौर पर कक्षा 6 की संस्कृत किताबों से पढ़ाया जाएगा। एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) सचिव गिरधर शर्मा बताते हैं अभी तक न तो पाठ्यक्रम को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश मिले हैं और न ही यह बताया गया है कि छात्रों का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाएगा। अप्सा अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने बताया कि आगरा में सीबीएसई के कुछ ही स्कूलों में फ्रेंच या जर्मन पढ़ाई जाती है। हमारे स्कूल में भी जर्मन भाषा छात्रों को पढ़ाई जाती थी, लेकिन नए नियम के तहत दो भारतीय भाषा जरूरी है इसलिए हमने जर्मन भाषा के शिक्षक को हटा दिया है। सीबीएसई का सुझाव हैं कि कक्षा 6 की संस्कृत की किताब से पढ़ाया जाए हम भी उसी को ही फॉलो करेंगे।

### कार्ड बांटकर बाइक से लौट रहे दो दोस्तों को डीसीएम ने रौंदा, दूल्हा गंभीर

**कन्नौज , एजेंसी।** शादी के निमंत्रण पत्र बांटकर लौट रहे युवक की बाइक में बुधवार को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक व उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सौ शैया अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मैनपुरी जिले के बेवर क्षेत्र के ग्राम नगला बहोरी निवासी पुष्पराज (25) की 26 जून को शादी है। मंगलवार सुबह वह दोस्त बेवर क्षेत्र के ग्राम वीलपुर निवासी शिवम यादव (24) के साथ बाइक से कार्ड बांटने निकला था। दोनों निमंत्रण पत्र वितरित कर दोपहर में गांव लौट रहे थे। अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर बरुआ सबलपुर के सामने एक ढाबे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीसीएम की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर डीसीएम सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि गंभीर हालत में तिर्वा से रिजेंसी भेजा गया था पर चिकित्सकों ने इलाज से मना कर दिया। परिजनों ने बताया कि पुष्पराज के पिता सुखदेव पुलिस महकमे में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। पुष्पराज का तिलक समारोह 21 और 26 जून को बरात औरैया जिले के ग्राम पूर्वा पुने जानी है। शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं, लेकिन हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

# पीडीए पंचायत समाज के शोषित वर्गों के सम्मान की लड़ाई का आगाज : डॉ. सत्येंद्र पाल

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** कस्बे के एक बैंक्वेट हॉल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल के नेतृत्व में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और सामाजिक न्याय के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा का कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।




पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि पीडीए की एकजुटता ही लोकतांत्रिक बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना होगा, ताकि सामाजिक न्याय की इस धारा को कोई भी ताकत रोक न सके। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होगा।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सत्येंद्र पाल ने कहा कि यह पंचायत समाज के शोषित और वंचित वर्गों के सम्मान की लड़ाई का आगाज है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा दिया गया पीडीए का नारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है। इस विचारधारा को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि एक मजबूत, समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना हो सके।

डॉ. पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकार प्रभावित हुए हैं, जिसका जवाब संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक संघर्ष से दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाए तथा संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में पीडीए प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा। पंचायत के दौरान कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला और संगठन विस्तार को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, श्यामलाल बच्ची सैनी, अतहर हसन, जुल्फिकार कुरैशी, अकरम खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौ संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होने का आह्वान, शामली पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



**शामली (शिखर समाचार)।** गौ संरक्षण एवं सनातन धर्म जागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही गविष्टि यात्रा के तहत शुक्रवार को ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शामली पहुंचे। मेरठ से आगमन पर श्रद्धालुओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद करनाल रोड स्थित एमएस फार्म में आयोजित धर्मसभा में उन्होंने हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गविष्टि यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में गौ संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरण करना है। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और सनातन परंपरा की आधारशिला हैं, इसलिए प्रत्येक सनातनी का दायित्व है कि वह गौ सेवा और गौ संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष रखी थी, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर गविष्टि यात्रा प्रारंभ की गई। उन्होंने गौ मांस निर्यात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गौ रक्षा और धर्म रक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों के संरक्षण के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। शंकराचार्य ने कहा कि समाज को जाति, क्षेत्र और अन्य विभाजनों से ऊपर उठकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने लोगों से ऐसे जनप्रतिनिधियों का समर्थन करने का आह्वान किया जो गौ संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करते हों। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को गौ माता, सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, प्रेम किशोर कोठारी, देवानंद गौड़, दिनेश पाठक, जितेंद्र शर्मा, प्रवीन तरार, सुधीर पंवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आगरा-दिल्ली हाईवे पर होदसों ने रोकी रफ्तार, जाम में फंसे वाहन

**आगरा।** आगरा- दिल्ली हाईवे पर बुधवार को दो हादसों ने हाईवे पर रफ्तार को ब्रेक लगा दिए। भावना स्टेट कट पर तेज रफ्तार ट्रोला के डिवाइडर के टकराने के बाद गुरुद्वारा गुरु का ताल की ओर का आवागमन रुक गया और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार खुद मौके पर पहुंचे और टीम की मदद से ट्रोला हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। वहीं आईएसबीटी के पास नगर निगम की कूड़ा गाड़ी पलट गई और काफी देर जाम लगा रहा।



बुधवार दोपहर 11:45 बजे मथुरा से आ रहा ट्रोला तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित हो गया। भावना एस्टेट के पास आगे जा रहे वाहनों से टकराने से बचा और मेट्रो के डिवाइडर से टकरा गया। इसके बाद सड़क पर तिरछा होकर बंद हो गया। चालक को हल्की चोट आई। दोनों पहिए जाम हो गए। इस कारण सिकंदरा की ओर से आने वाले वाहनों की लाइन लग गई।

करीब एक किमी तक जाम लग गया। जाम का असर वैकल्पिक मार्गों पर भी दिखा। सिकंदरा-बोदला आरओबी से कारगिल और करकुंज से कैलाशपुरी रोड और मदिया कटरा व ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में भी वाहनों का दबाव बढ़ने पर लोग परेशान रहे। डीसीपी सोनम कुमार ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से ट्रोला को हटवाया। करीब एक घंटे बाद जाम खुल सका।

कूड़ा गाड़ी पलटने से लगा जाम

आईएसबीटी फ्लाईओवर के पास नगर निगम की डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली लोडिंग गाड़ी को कार ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इससे कूड़ा गाड़ी पलट गई। चालक गुजरात जोशिल गाड़ी के अंदर फंस गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला। इससे करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

## जीतपुर पलड़ी में आतंक का पर्याय बना खूंखार गुलदार पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**नगीना/बिजनौर (शिखर समाचार)।** नगीना-कोतवाली देहात मार्ग स्थित ग्राम हकीकतपुर सहसू उर्फ जीतपुर पलड़ी में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के लिए आतंक का कारण बना खूंखार गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

वन विभाग के अनुसार गुरुवार देर रात लगभग 11 बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि क्षेत्र में सक्रिय गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में फंस गया है। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में वन दरोगा विशाल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार तथा कर्मचारी लाल सिंह शामिल रहे।

मौके पर पहुंची टीम ने सबसे पहले बड़ी संख्या में एकत्र ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर हटाया और आवश्यक सावधानियां बरतते हुए पिंजरे में कैद गुलदार का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। वन विभाग ने पूरे अभियान को सावधानीपूर्वक अंजाम दिया, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके।



वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार नर है और उसकी उम्र लगभग साढ़े चार वर्ष आंकी गई है। रेस्क्यू के बाद गुलदार को सुरक्षित रूप से पिंजरे सहित कृषि विज्ञान केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों के अनुसार यह गुलदार पिछले काफी समय से क्षेत्र में सक्रिय था और लगातार पालतू पशुओं पर हमला कर रहा था। कई बार उसने कुत्तों और बकरियों को अपना शिकार बनाया, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। शाम ढलते ही लोग घरों में रहने को मजबूर हो जाते थे और खेतों में जाने से भी कतराने लगे थे।

गुलदार के पकड़े जाने के बाद जीतपुर पलड़ी सहित आसपास के गांवों के लोगों ने वन विभाग की कार्रवाई की सराहना की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से वे इस समस्या से परेशान थे और अब गुलदार के पकड़े जाने से क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल होने की उम्मीद जगी है। वन विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि वन्यजीवों की गतिविधियों की सूचना तुरंत विभाग को दें तथा किसी भी वन्यजीव के निकट जाने का प्रयास न करें।

## नैनीताल में खाई में गिरा मेरठ के पर्यटकों का वाहन

### दो महिलाओं की मौत, 18 लोग घायल; ब्रेकफेल होने से हादसा

**मेरठ , एजेंसी।** वाहन में सवार सभी लोग मेरठ स्थित इस्लामाबाद ताला फैक्टरी क्षेत्र के रहने वाले हैं जो नैनीताल से लौट रहे थे। कालाढूंगी पहुंचने से एक किलोमीटर पहले ब्रेक फेल होने पर चालक नईम ने नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में जा गिरा। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव टीमों ने घायलों को खाई से निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक हादसे में नाजमीन (32) पत्नी शाकिर और फरद बेगम (55) की मौत हो गई है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप घायल पर्यटकों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया गया, जबकि मामूली घायलों को छुट्टी दे दी गई।

जैसे ही इसकी सूचना मेरठ में



इनके परिवारवालों को मिली, उनमें कोहराम मच गया। यहां से भी देर रात परिवार के लोग नैनीताल के लिए रवाना हो गए हैं। नैनीताल जा रहे अरशद ने बताया कि ये लोग किताबों का काम करने वाले उनके दोस्त नफीस के परिवारजन व रिश्तेदार हैं। घूमने के लिए गए हुए थे। शहर विधायक रफीक अंसारी, सपा महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, हसीन सैफी और शाहजहां सैफी ने आदि ने पीड़ित परिवार का हाल जाना।

#### ये हुए घायल

सुहेमा (8) पुत्री नफीस, तस्वीबिया (11) पुत्री रईस, माहिरा (1) पुत्री नईमुद्दीन, आशिक (24) पुत्र नवाबुद्दीन, सना (22) पत्नी आशिक, साद (2) पुत्र आशिक, सोफिया (15) पुत्री नवाब, आयशा (23) पत्नी मोनिस, अनीसा (40) पत्नी निजामुद्दीन, शाकिर (35) पुत्र यामीन, फरहत (48) पत्नी इकबाल, नफीस अहमद, रशीद अहमद (45) लाइबा (30) पत्नी नईम, उल्बिया (25) पुत्री अनीस अहमद, मोनिस (30) पुत्र निजामुद्दीन, रेशमा (40) पत्नी नवाब, रुखसाना (50) पत्नी अनीस अहमद।

#### ये बोली पुलिस

प्रथम दृष्टया ब्रेक फेल के चलते दुर्घटना की आशंका है, मामले की जांच की जा रही है। -अरुण कुमार सैनी, कोतवाल कालाढूंगी

## 2200 घरों को एक महीने में एलपीजी सिलिंडर सरेंडर करने होंगे

**अलीगढ़ , एजेंसी।**

शहरी इलाकों में रसोई गैस को लेकर बड़ा बदलाव होने वाला है। जिन क्षेत्रों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की लाइन पहुंच चुकी हैं, वहां एलपीजी सिलिंडरों का उपयोग बंद करना होगा। अगले एक महीने के भीतर 2200 उपभोक्ताओं को अपने एलपीजी सिलिंडर सरेंडर करने पड़ सकते हैं।

इंडियन ऑयल अदाणी गैस कंपनी ने पहले चरण में शहर के 10 से अधिक प्रमुख इलाकों में पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया है। इनमें तालानगरी, मंजूरगढ़ी, सीडीएफ छेरत, धौर्रा माफी, मैरिस रोड और क्वार्सी चौराहा शामिल हैं। ओजोन सिटी, सांगवान सिटी, इंजीनियर्स कॉलोनी, हरदुआगंज और महेशपुर भी इन इलाकों में हैं।

वर्तमान में शहर के 2200 घरों में पीएनजी पहुंच चुकी है, जिन्हें अब अपना पुराना एलपीजी कनेक्शन छोड़ना होगा। एक महीने



बाद इन इलाकों में सिलिंडरों की डिलीवरी पूरी तरह बंद हो सकती है। इंडियन ऑयल अदाणी गैस के क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार गिरि ने बताया कि इसके लिए सरकार की ओर से भी आदेश जारी किए गए हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इस पूरे बदलाव की निगरानी कर रही है। कंपनी ने चिह्नित इलाकों में 5,000 मुख्य पॉइंट स्थापित किए हैं। इन पॉइंट की मदद से सीधे 15 हजार से अधिक घरों को पीएनजी से जोड़ा जा सकता है।

## एचपीडीए का बड़ा अभियान: 36,500 वर्गमीटर में फैली चार अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**हापुड़ (शिखर समाचार)।**
हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) ने अवैध निर्माण एवं अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को हापुड़ विकास क्षेत्र में चार स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई के दौरान करीब 36,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अवैध निर्माण एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देशों के अनुपालन में थाना हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में प्रवर्तन दल ने अभियान चलाया। जांच में पाया गया कि संबंधित भूखंडों पर बिना स्वीकृत मानचित्र के अवैध रूप से प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ग्राम गोयना एवं मोदीनगर रोड क्षेत्र में स्थित चार अवैध प्लॉटिंग स्थलों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। इनमें लगभग 2,500 वर्गमीटर, 8,000 वर्गमीटर, 16,000 वर्गमीटर तथा 10,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही प्लॉटिंग शामिल रही।



प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन भूखंडों पर कार्रवाई की गई, वहां किसी प्रकार का स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं था। इसी कारण नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। अभियान में प्राधिकरण का प्रवर्तन दल एवं सचल दस्ता शामिल रहा। अधिकारियों ने कहा कि अवैध निर्माण और अवैध विकास कार्यों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार का निर्माण या विकास कार्य केवल विधिवत स्वीकृत मानचित्र प्राप्त करने के बाद ही करें। अन्यथा अवैध निर्माण के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं होगी।

## आईएमएस गाजियाबाद में स्मार्ट हेल्थकेयर मैनेजमेंट पर ऑनलाइन एमडीपी आयोजित


**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** आईएमएस गाजियाबाद द्वारा स्मार्ट हेल्थकेयर मैनेजमेंट : टेक्नोलॉजी, पॉलिसी और प्रैक्टिस का एकीकरण विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें चिकित्सक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तथा उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञ शामिल रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के बदलते स्वरूप पर विचार विमर्श करना तथा यह समझना था कि तकनीक, नीतिगत ढांचे और व्यावहारिक रणनीतियों के समन्वय से किस प्रकार अधिक स्मार्ट, निवारक और रोगी केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित की जा सकती है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. रितु कुलश्रेष्ठ ने प्रयोगशाला चिकित्सा में डिजिटल परिवर्तन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिटल हेल्थकेयर मैनेजमेंट के युग में लैबोरेटरी मेडिसिन : टेक्नोलॉजी और प्रैक्टिस का एकीकरण विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि उन्नत तकनीकों और क्लीनिकल प्रथाओं के समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सटीकता और दक्षता को बेहतर बनाया जा सकता है।

तकनीकी सत्रों का संचालन चिराग गोयल तथा भारत कुमार दीक्षित ने किया। सत्रों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रतिक्रियात्मक मॉडल से आगे




बढ़ाकर निवारक मॉडल की ओर ले जाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने देर से होने वाले निदान के प्रभाव और उससे जुड़ी आर्थिक लागत पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रभावी रोकथाम के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन के साथ तकनीकी नवाचार भी आवश्यक हैं। साथ ही एबीडीएम, एनएचसीएक्स डेटा लेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया, जो निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

संस्थान की निदेशक डॉ. जसकिरन कौर ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ और रोगी-केंद्रित बनाने के लिए तकनीक, नीतियों और व्यावहारिक दृष्टिकोण का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रतिभागियों को नवीनतम स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों और नीतिगत परिवर्तनों से अवगत कराने के साथ-साथ समाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम का समापन डॉ. सुरभि जोहरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने विशिष्ट वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति सिंह, डॉ. संध्या शर्मा तथा आशीष भटनागर ने किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : बृजेश सिंह

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था, राजस्व तथा मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए निवास, आय और जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सेवाओं को





पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाएं सीधे आमजन से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना, गोल्डन कार्ड निर्माण, नियमित टीकाकरण, एम्बुलेंस सेवाओं और स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने और स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

कृषि एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा में किसानों के लिए उर्वरकों और गुणवत्तापूर्ण बीजों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नहरों के माध्यम से अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क निर्माण, मरम्मत और चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। विद्युत विभाग को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान निवेश समझौतों को धरातल पर उतारने, निवेश परियोजनाओं को गति देने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में स्कूल चलो अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश प्रक्रिया तथा विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास की प्रगति पर चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को गौशालाओं के बेहतर संचालन, निराश्रित गोवंश संरक्षण और डॉग शेल्टर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने को कहा गया। वहीं वन विभाग को वृक्षारोपण और पौध संरक्षण कार्यक्रमों को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला पूर्ति विभाग, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जनपद में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, महिला सुरक्षा को और मजबूत करने तथा नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के निर्देश दिए।

## पीएम स्वनिधि योजना से छोटे कारोबारियों को मिला संबल, जेवर में स्वनिधि महोत्सव एवं ऋण वितरण शिविर आयोजित

**जेवर (शिखर समाचार)।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत नगर पंचायत जेवर में स्वनिधि महोत्सव एवं ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, ठेला संचालकों तथा छोटे व्यापारियों को बिना गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके व्यवसाय को मजबूत करना था। शिविर के दौरान लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों की ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कराई गई। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में 15 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी और कैशबैक जैसी अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत जेवर के अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी



ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना न केवल उनके व्यवसाय को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की ओर से सामुदायिक संगठक प्रबंधक शीला कुमारी, रवींद्र तथा आकाश ने लाभार्थियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से बड़ी संख्या में रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके और वे अपने कारोबार को और अधिक सुदृढ़ बना सकें। कार्यक्रम में नगर पंचायत जेवर के अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी, पंजाब एंड सिंध बैंक तथा यूनियन बैंक जेवर के शाखा प्रबंधक सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और छोटे कारोबारियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

## हवाई चप्पल पहनकर हवाई यात्रा करने वाले किसान जफर खां का हुआ भव्य स्वागत

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली उड़ान के माध्यम से लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने वाले किसान जफर खां का शुक्रवार को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी में शोभायात्रा निकाली गई तथा फूलों और नोटों की मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया गया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और किसानों ने भाग लिया। बताया जाता है कि गांव शरीख खां की भूमि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण के लिए अधिग्रहित की गई थी। 15 जून को जेवर हवाई अड्डे से पहली उड़ान लखनऊ के लिए रवाना हुई थी, जिसमें विधायक धीरेन्द्र सिंह के साथ 172 किसान भी शामिल थे। किसानों ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास को लेकर अपने विचार साझा किए। इस यात्रा के दौरान शरीख खां निवासी किसान जफर खां हवाई चप्पल पहनकर हवाई जहाज में सफर करने को लेकर विशेष चर्चा का विषय बन



गए थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त की थी, जिसका वीडियो सामाजिक माध्यमों पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। एक साधारण किसान के हवाई यात्रा के अनुभव ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें बधाइयां मिलने लगीं।

शुक्रवार को आयोजित स्वागत समारोह में जफर खां का फूलों एवं नोटों की मालाओं से सम्मान किया गया। उनके सम्मान में कॉलोनी के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान लोगों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और उनके अनुभवों को सुना।

जफर खां ने कहा कि पहले उनके गांव की जमीन लगभग तीन लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से बिकती थी, लेकिन हवाई अड्डा परियोजना के लिए उन्हें 21 लाख रुपये प्रति बीघा का मुआवजा प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मुआवजे की राशि से उन्होंने अन्य स्थानों पर कई बीघा कृषि भूमि खरीदी है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और विधायक धीरेन्द्र सिंह की सराहना करते हुए कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र के विकास और किसानों की समृद्धि का आधार बन रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और जफर खां को शुभकामनाएं दीं।

## सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शिक्षक प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा का अभिनंदन



**शामली (शिखर समाचार)।** सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शुक्रवार को सहारनपुर-मेरठ मंडल के शिक्षक प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के संरक्षक ब्रजभूषण संगल, अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा तथा अरविंद कुमार गर्ग ने माल्यार्पण कर श्रीचंद शर्मा का स्वागत किया। अपने संबोधन में श्रीचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य का निमार्ता होता है। देश को श्रेष्ठ नागरिक देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के शिक्षक सदैव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं और सत्यनारायण इंटर कॉलेज से उन्हें हमेशा सहयोग एवं स्नेह प्राप्त होता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं। कई समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर कराया जा चुका है और भविष्य में भी शिक्षक बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, फूल कुमार, मोहित मित्तल, अरविंद कुमार, हरीश नामदेव और लोकेश वर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डिजिटल संचार को नई दिशा: सूचना विभाग ने शुरू किया आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह

**लखनऊ/गौतमबुद्धनगर (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को और अधिक प्रभावी तथा सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का शुभारंभ किया है। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर फिल्म निमार्ता अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभाग की डिजिटल संचार रणनीति और आमजन तक सरकारी सूचनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की योजना पर भी चर्चा की गई।



सूचना प्रवाह उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों, उपलब्धियों तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की प्रमाणिक और तथ्यपरक जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा विभाग द्वारा निर्मित वत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियान तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का नियमित प्रसारण भी इस मंच पर किया जाएगा। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। ऐसे में सूचना प्रवाह सरकार और जनता के बीच संवाद का एक मजबूत सेतु साबित होगा। उन्होंने कहा कि चैनल के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों की विश्वसनीय जानकारी सरल, सहज और आकर्षक रूप में उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पारदर्शिता और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। 'सूचना प्रवाह' के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और शासन की उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही, प्रमाणिक और समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म आज सूचना प्रसार का सबसे तेज माध्यम बन चुके हैं और ऐसे में यह पहल शासन और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विभाग का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक तक सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसार का एक प्रभावी मंच बनेगा। साथ ही यह आमजन और शासन के बीच संवाद को मजबूत करते हुए पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# पीएम सूर्य घर योजना पर गोष्ठी आयोजित, सौर ऊर्जा अपनाने का किया आह्वान

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना विषय पर विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी और स्टॉल भी लगाए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अजीत पाल त्यागी तथा भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उपस्थित रहे। इसके अलावा परियोजना निदेशक डीआरडीए, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), नेडा के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ नेडा के परियोजना अधिकारी द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत उपभोक्ताओं को सौर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे बिजली बिल में कमी आने के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा।

अग्रणी जिला प्रबंधक ने योजना के अंतर्गत उपलब्ध बैंक ऋण सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लाभार्थी सरल प्रक्रिया के माध्यम से ऋण प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।



गोष्ठी में सौर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों ने भी भाग लिया। दिव्या पावर, धरती सोलर, केएसएन सोलर, वीवोल्ट और ओन नेटवर्क सहित अन्य संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाकर नागरिकों को सौर संयंत्रों की तकनीक, स्थापना प्रक्रिया और योजना के लाभों की जानकारी दी। बड़ी संख्या में लोगों ने स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।

अपने संबोधन में विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली योजनाएं देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा आम लोगों के बिजली खर्च को कम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नए उपकेंद्रों, ट्रांसफार्मरों और आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया गया है। साथ ही कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए भी सरकार प्रभावी नीतियों पर कार्य कर रही है, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से पीएम सूर्य घर योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंसियों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही गोष्ठी का समापन हुआ।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष बने गोपाल सिंह, कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दुबली निवासी गोपाल सिंह को भीम आर्मी भारत एकता मिशन का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बबीत प्रधान ने बताया कि संगठन के विस्तार और उसे अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गोपाल सिंह को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि गोपाल सिंह लंबे समय से सामाजिक कार्यों और संगठन की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर गोपाल सिंह का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, सामाजिक मुद्दों तथा संगठन के विस्तार को लेकर करीब चार घंटे तक विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गांव गांव तक संगठन को मजबूत करने, समाज के वंचित वर्गों की आवाज बुलंद करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर विचार विमर्श किया गया। गोपाल सिंह ने सभी कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा तथा क्षेत्र की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में हरी किशन, संजीव शर्मा, सुनील, नरेंद्र, सूरज, आशु, मनिंद्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।



## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर वायरल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक उनकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और घटना का अश्लील वीडियो भी बना लिया। परिजनों का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे परिवार को भारी मानसिक आघात और सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सड़क हादसों पर सख्ती: ब्लैक स्पॉट सुधारने और क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत के निर्देश

**शामली (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को निर्देश दिए कि जनपद में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां तत्काल सुधारात्मक कार्य कराए जाएं, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निर्धारित मानकों के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए प्रवर्तन अभियान लगातार चलाए जाएं तथा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाए। बैठक में शामली-अंबाला तथा दिल्ली-देहरादून मार्ग पर मिट्टी ढुलाई के कारण क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्गों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आने वाली सड़कों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने एनएचएआई को तत्काल मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मार्गों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। इसके अलावा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, एआरटीओ (यातायात) तथा विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में हंगामे के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित कोतवाली के सामने एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित भाजपा के विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के दौरान हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 16 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह तथा विधायक डॉ. मंजू सिवाच मौजूद थीं। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष विरोध प्रदर्शन और हंगामा शुरू कर दिया। महिलाओं की मांग थी कि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल को पार्टी से निष्कासित किया जाए। उनका आरोप था कि नितिन मित्तल पर एक महिला के साथ अभद्रता करने का आरोप है और इस संबंध में उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। हंगामा बढ़ने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम स्थल से चले गए थे। अब इस मामले में भाजपा के जिला मंत्री मनीष डागर की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सम्मेलन के दौरान मोदीनगर निवासी प्रशांत त्यागी ने पिस्टल के बल पर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्रशांत त्यागी सहित चार अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नेहरू कॉलोनी में मकान से लाखों के जेवरात चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** नेहरू कॉलोनी में एक मकान से लाखों रुपये के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू कॉलोनी निवासी निधि सिंघल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 1 जून को घर से बाहर गई थीं। 11 जून को वापस लौटने पर उन्होंने घर की अलमारी की जांच की तो उसका ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़िता के अनुसार, 12 जून को चोरी हुए जेवरात के खाली डिब्बे कॉलोनी के निकट रेलवे लाइन के पास पड़े मिले, जिससे चोरी की घटना की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

